नव भारत
1934 से



5 बिहार में सत्ता का गणित, संकेत और हवा


6 हार मत मानना एक प्रयास जीतेगा


7 जीवन की बाधाएं दूर करेंगे शनि देव के सरल उपाय


10 जानिक सिनर की ज्वेरेव को हराकर मियामी फाइनल में एंट्री

## एक नजर में



### भागवत ने श्री सिद्धेश्वर स्वामी मंदिर में की पूजा

**बेलगावी.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने शनिवार को कर्नाटक के बेलगावी जिले की चिक्कोडी तालुका के यदूर गांव में स्थित श्री सिद्धेश्वर स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की. यह मंदिर इस क्षेत्र में अपने धार्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है. श्री भागवत ने मंदिर के पुजारियों द्वारा संपन्न कराए गए संक्षिप्त अनुष्ठानों में भाग लिया. इस दौरे के दौरान उन्होंने प्रसाद ग्रहण किया और आशीर्वाद भी प्राप्त किया. संघ प्रमुख ने इस दौरान संतों, मंदिर के अधिकारियों और स्थानीय भक्तों से बातचीत की, तथा मंदिर के इतिहास और गतिविधियों के बारे में जानकारी ली.

### पीएम मोदी ने सऊदी प्रिंस सलमान से की बातचीत

**नई दिल्ली.** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से फोन पर बातचीत कर पश्चिम एशिया में जारी तनाव पर चर्चा की. बातचीत में ऊर्जा ठिकानों पर हो रहे हमलों की मोदी ने कड़ी निंदा की और क्षेत्रीय स्थिरता पर चिंता जताई. उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत ऊर्जा संरचना को निशाना बनाए जाने के खिलाफ है और इस तरह की घटनाएं वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकती हैं. दोनों नेताओं ने होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ते संकट पर भी चर्चा की और सहमति जताई कि समुद्री परिवहन की स्वतंत्रता बनाए रखना बेहद जरूरी है. उन्होंने यह भी कहा कि समुद्री मार्ग सुरक्षित और खुले रहने चाहिए ताकि अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रभावित न हो.

### विशाखापत्तनम् से आ रहे इंडिगो का इंजन खराब

**नई दिल्ली.** विशाखापत्तनम से शनिवार को दिल्ली आ रही इंडिगो की फ्लाइट में एक इंजन खराब होने के कारण दिल्ली में पूर्ण आपात स्थिति घोषित कर उसकी लैंडिंग करायी गयी. सूत्रों के अनुसार, यह बोइंग बी737-800 विमान (पंजीकरण संख्या टीसी-सीओएन) था. इसमें 161 यात्री सवार थे. विमान की सुबह 10.54 बजे दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित लैंडिंग हुई. इस दौरान फायर फाइटिंग की टीम, मेडिकल टीम और सुरक्षाकर्मियों की टीम पूरी तरह तैयार थी. यात्रियों को सुरक्षित उतारकर विमान की जांच की जा रही है.

### ओमान में अमेरिकी जहाज पर किया हमला

**तेहरान.** पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ गया है, जहां ईरान ने दावा किया है कि उसकी सशस्त्र सेनाओं ने ओमान के सलालाह बंदरगाह पर अमेरिकी नौसेना के एक सपोर्ट जहाज पर हमला किया है. ईरानी सेना केमुताबिक, 28 मार्च की सुबह ईरान की सेनाओं ने ओमान के सलालाह बंदरगाह में मौजूद अमेरिकी सैन्य जहाज को निशाना बनाया. इस जानकारी का प्रसारण सरकारी मीडिया इस्लामी गणतंत्र ईरान प्रसारण ने किया. जोल्फाघारी ने यह भी दावा किया कि सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर पहले हुए हमले में अमेरिकी सेना के दो रिफ्यूलिंग विमान नष्ट किए गए. जबकि पहले एक विमान के नष्ट और तीन के क्षतिग्रस्त होने की बात कही गई थी.

# नोएडा से हर दो मिनट में एक जहाज

## विकसित उत्तरप्रदेश की 'उड़ान' का प्रतीक बना नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट : मोदी

**नई दिल्ली, 29 मार्च. गौतम बुद्ध नगर जिले के जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर हमला बोला. उन्होंने कहा कि पहले सपा वालों ने नोएडा को अपनी लूट का एटीएम बना लिया था. कांग्रेस और उत्तर प्रदेश की पिछली सरकारों ने इस एयरपोर्ट की नींव तक नहीं पड़ने दी थी. प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले की सरकारें मानती थीं कि हवाई यात्रा सिर्फ अमीरों के लिए होनी चाहिये, लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने उसे गरीबों के लिए भी सुलभ कर दिया है.**



जेवर में एयरपोर्ट के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'यह एक ऐसा एयरपोर्ट बन रहा है, जहां हर दो मिनट में एक जहाज उड़ान भरेगा. पहले सपा वालों ने नोएडा को अपनी लूट का एटीएम बना लिया था. लेकिन आज भाजपा सरकार में वही नोएडा उत्तर प्रदेश के विकास का सशक्त इंजन बन रहा है. जेवर एयरपोर्ट 'डबल इंजन' सरकार की कार्य संस्कृति का भी बहुत अच्छा उदाहरण है.'

उन्होंने कहा कि 2003 में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने इस एयरपोर्ट को मंजूरी दी थी, लेकिन एयरपोर्ट नहीं बना. केंद्र में कांग्रेस और यहां (उत्तर प्रदेश) की पहले की सरकारों ने सालों तक इस एयरपोर्ट की नींव तक नहीं पड़ने दी. 2004 से 2014 तक यह एयरपोर्ट फाइलों में ही दबा रहा था. जब हमारी सरकार बनी तो उस समय उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार की थी. शुरू के दो तीन सालों में सपा वालों ने इस पर काम नहीं होने दिया, लेकिन जैसे ही यहां भाजपा की सरकार बनी, तो जेवर एयरपोर्ट की नींव पड़ी, निर्माण भी हुआ और आज उद्घाटन भी हो गया है. पीएम मोदी ने कहा, 'नोएडा को पहले अंधविश्वास के कारण अपने हाल पर छोड़ दिया गया था, कुर्सी जाने के डर से पहले के सत्ताधारी यहां आने से डरते थे.

### जेवर एयरपोर्ट से यूपी को मिलेगी नई पहचान और रफ्तार : मुख्यमंत्री योगी

**जेवर, 28 मार्च.** उत्तर प्रदेश के जेवर में आज देश के एविएशन सेक्टर को नई ऊंचाई देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन किया. उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री योगी ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि यह एयरपोर्ट 'नए भारत' की बदलती तस्वीर का सशक्त उदाहरण है. उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट से यूपी को नई पहचान और रफ्तार मिलेगी.

# बातचीत केवल मोदी और ट्रंप के बीच थी : विदेश मंत्रालय

**नयी दिल्ली, 28 मार्च. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच इस सप्ताह मंगलवार को टेलीफोन पर हुई बातचीत के दौरान श्री ट्रंप के साथ अमेरिकी उद्यमी एलान मस्क की कथित उपस्थिति की मीडिया की रिपोर्ट के बीच भारत ने स्पष्ट किया है किया है कि यह वार्ता केवल मोदी और ट्रंप के बीच हुई थी.**



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस बारे में शनिवार को कहा, 'हमने पूरी रिपोर्ट देखी है. 24 मार्च को हुई टेलीफोन बातचीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच ही हुई थी. 'दोनों नेताओं की इस बातचीत के बारे में प्रवक्ता ने कहा, 'जैसा कि पहले भी कहा जा चुका है, इससे पश्चिम एशिया की स्थिति पर विचारों के आदान-प्रदान का अवसर मिला.' गौरतलब है कि अमेरिकी मीडिया के एक हलके ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है बातचीत के दौरान ट्रंप के साथ अमेरिका के टेस्ला कारपोरेशन के प्रमुख श्री मस्क भी उपस्थित थे.

### विपक्ष ने सवाल उठाया है

कांग्रेस ने शनिवार को पीएम मोदी और यूएस ट्रंप के साथ हाल ही में हुई फोन पर बातचीत को लेकर हमला बोला है. अमेरिकी मीडिया में दावा किया गया था कि टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क भी कॉल के दौरान मौजूद थे. साथ ही ट्रांसपेरेंसी और प्रोटोकॉल पर सवाल उठाया है. उनका आरोप है कि पीएम मोदी की सरकार ने बातचीत के बारे में जरूरी डिटेल्स नहीं बताईं, खासकर एक हाई-लेवल डिप्लोमैटिक बातचीत में एक प्राइवेट बिज़नेसमैन के शामिल होने की. द न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि मस्क दोनों नेताओं के बीच बातचीत का हिस्सा थे.

# अब क्यूबा की बारी है : डोनाल्ड ट्रंप

### ईरान युद्ध की उपलब्धियों का ट्रंप ने किया बखान

**मियामी, 28 मार्च . अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी सैन्य उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि अब अगला नंबर क्यूबा का है.**

> वह क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज़-कानेल को वाशिंगटन के साथ किसी समझौते की ओर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन ऐसे किसी समझौते की रूपरेखा अभी स्पष्ट नहीं है. ट्रंप ने फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव में संबोधन के दौरान मुख्य रूप से ईरान पर अमेरिकी कार्रवाई के लाभों और पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर ध्यान केंद्रित किया. इसके साथ ही नाटो की आलोचना भी की और कहा कि उसने तेहरान के खिलाफ वाशिंगटन के अभियान का पर्याप्त समर्थन नहीं किया.

मियामी में सऊदी समर्थित एक व्यावसायिक मंच पर ईरान के साथ संघर्ष में ट्रंप ने संकेत दिया कि हवाना पर वाशिंगटन दबाव बढ़ा सकता है या संभावित कार्रवाई कर सकता है. उन्होंने कहा, 'और वैसे, क्यूबा अगला है,' हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि अमेरिका कौन से कदम उठा सकता है, जबकि क्यूबा गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है. श्री ट्रंप ने हाल के दिनों में वेनेजुएला में अमेरिकी कदमों और जारी ईरान संघर्ष के बाद हवाना पर दबाव बढ़ाने के संकेत दिए हैं, हालांकि उन्होंने किसी संभावित योजना का विवरण नहीं दिया है. उन्होंने कहा, '47 वर्षों से ईरान पश्चिम एशिया का दबंग माना जाता रहा है, लेकिन अब वह दबंग नहीं रहा. वह पीछे हट रहा है,' जिस पर सभा में हल्की तालियां बजीं. उन्होंने दोहराया कि यदि अमेरिकी सैन्य कार्रवाई नहीं होती तो ईरान 'दो से चार सप्ताह' के भीतर परमाणु हथियार विकसित कर लेता और पहले के हमलों ने तेहरान के परमाणु कार्यक्रम को पीछे धकेल दिया है.

उन्होंने सऊदी प्रतिभागियों को इस अभियान की आवश्यकता के बारे में समझाने की कोशिश करते हुए कहा, 'वे इसका इस्तेमाल आप पर, इज़राइल पर और सभी पर करते.'

### जनरल द्विवेदी ने पुरी के जगन्नाथ मंदिर में की पूजा अर्चना

**भुवनेश्वर, 28 मार्च.** थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को पुरी स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में पूजा अर्चना की और भारतीय सेना के लिए आशीर्वाद मांगा. जनरल द्विवेदी गुरुवार शाम को तीन दिवसीय दौरे पर ओडिशा पहुंचे थे. वह आज पत्नी सुनीता द्विवेदी के साथ पुरी के पवित्र में स्थित 12वीं सदी के इस मंदिर के 'सिंह द्वार' पर पहुंचे. उन्होंने भुवनेश्वर स्थित 120 बटालियन परिसर में रात बिताई थी. जनरल द्विवेदी और उनकी पत्नी ने मंदिर के भीतर लगभग एक घंटा बिताया और वहां भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई भगवान बलभद्र और उनकी बहन देवी सुभद्रा की पूजा की.

# होर्मुज से दो और जहाज भारत पहुंचे

**नयी दिल्ली 28 मार्च . पश्चिम एशिया संकट के कारण इस क्षेत्र से विभिन्न ऊर्जा उत्पादों की आपूर्ति प्रभावित होने के बीच राहत की खबर है कि पेट्रोलियम उत्पादों से लदे भारत के दो और व्यापारिक जहाजों ने होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित पार कर लिया है. इससे पहले भी भारत के एलपीजी से लदे चार टैंकर होर्मुज जलडमरूमध्यम के मार्ग से स्वदेश आ चुके हैं.**




सूत्रों के अनुसार पेट्रोलियम उत्पादों से लदे भारतीय ध्वज वाले दो व्यापारिक जहाजों ने होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित पार कर लिया है. भारतीय नौसेना के क्षेत्र में तैनात युद्धपोत जरूरत पड़ने इन जहाजों की सुरक्षा के लिए तैयार रखे गये हैं. हालांकि इन जहाजों के नाम और इनमें लदे उत्पादों तथा इनमें सवार लोगों के बारे में पुष्ट जानकारी नहीं दी गयी है. ईरान कई बार यह बात कह चुका है कि वह भारत सहित कुछ मित्रों के जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से बिना रूकावट के गुजरने देगा.भारत पश्चिम एशिया संकट के बाद से क्षेत्र में फंसे अपने व्यापारिक जहाजों की सुरक्षित निकासी के लिए अलग अलग स्तर पर संबंधित पक्षों के साथ निरंतर संपर्क बनाये हुए है और इसी का परिणाम है कि भारतीय जहाज धीरे धीरे इस क्षेत्र से निकलने में सफल हो रहे हैं.

> भारत के एलपीजी से लदे चार टैंकर शिवालिक, नंदा देवी, पाइन गैस और जग वसंत पहले ही होर्मुज को पार कर देश आ चुके हैं. उल्लेखनीय है कि अमेरिका और इजरायल के ईरान पर संयुक्त हमलों के बाद से ईरान ने पश्चिम एशियाई देशों से पेट्रोलियम उत्पाद लेकर आने वाले जहाजों के होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले सबसे व्यस्त रास्ते को बंद कर रखा है. ईरान ने शुक्रवार को भी तीन जहाजों को होर्मुज पार करने से रोक दिया और उन्हें वापस भेज दिया था.

# 4 महीने तक तेल नहीं बेचेगा रूस

## भारत पर कम असर , चीन-तुर्किये और ब्राजील पर ज्यादा असर

**मास्को, 28 मार्च. मध्य पूर्व संकट के बीच रूस 1 अप्रैल से घरेलू प्रोड्यूसर्स द्वारा गैसोलीन एक्सपोर्ट पर बैन लगाएगा. रूस के सरकारी बयान के अनुसार, उपप्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने शुक्रवार को यह बात कही. यह बैन 31 जुलाई तक लागू रहेगा.**



रूस की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि डिप्टी पीएम नोवाक ने ऊर्जा मंत्री, फेडरल एंटीमोनोपॉली सर्विस, सेंट पीटर्सबर्ग एक्सचेंज और उद्योग कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की. इस बैठक में स्थिति की समीक्षा और चर्चा के बाद यह कदम उठाया गया है. सरकारी न्यूज एजेंसी टास ने इस मामले से जुड़े दो सूत्रों के हवाले से बताया कि रूस के इस कदम का मकसद घरेलू फ्यूल की कीमतों को स्थिर करना है. मीटिंग के दौरान, नोवाक ने इस बात पर जोर दिया कि वैश्विक तेल और पेट्रोलियम प्रोडक्ट मार्केट में इन-दिनों उथल-पुथल मचा हुआ है. इसके बावजूद, विदेशी बाजार में रूसी ऊर्जा संसाधनों की ज्यादा डिमांड एक सकारात्मक फैक्टर बनी हुई है.ऊर्जा मंत्री ने कहा कि ऑयल रिफाइनिंग वॉल्यूम मार्च 2025 के स्तर पर बना हुआ है, जिससे पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की सप्लाई स्थिर रहेगी. औद्योगिक कंपनियों ने घरेलू डिमांड को पूरा करने के लिए काफी गैसोलीन और डीजल रिजर्व, साथ ही रिफाइनरी क्षमता के ज्यादा इस्तेमाल की पुष्टि की है.

### मैनेजमेंट एजुकेशन को बोर्डरूम और बैलेंस शीट से आगे बढ़ना चाहिए

**रांची, 28 मार्च.** भारत के उपराष्ट्रपति, सी. पी. राधाकृष्णन ने छात्रों से सफलता को केवल उपलब्धियों से नहीं, बल्कि उन मूल्यों और नैतिकता से परिभाषित करने का आग्रह किया, जिनके साथ वे उन्हें प्राप्त करते हैं. उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने झारखंड के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट (आईआईएम), रांची के आज 15वें सालाना कॉन्वोकेशन में कहा कि तीन साल के गैप के बाद फिर से इंस्टीट्यूट में आना उनके लिए खुशी की बात है. आईआईएम रांची के 15वें दीक्षांत समारोह में कुल 558 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई, जबकि सात मेधावी छात्रों को मेडल और उपाधि से सम्मानित किया गया. इस मौके पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री, संजय सेठ, झारखंड सरकार में मंत्री, सुदिव्य कुमार समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे.

# युवा विधायकों का दो दिवसीय सम्मेलन कल से

### तीन राज्यों के युवा विधायक होंगे शामिल

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 28 मार्च. मध्यप्रदेश विधानसभा में युवा विधायकों का दो दिवसीय सम्मेलन 30 और 31 मार्च को विधानसभा के विधान परिषद हाल में आयोजित किया जा रहा है. सम्मेलन में राष्ट्रकुल संसदीय संघ (भारत क्षेत्र 6) के तीन राज्य में मध्यप्रदेश के 18, छत्तीसगढ़ के 15 तथा राजस्थान के 22 युवा विधायक शामिल होंगे.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 30 मार्च को उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे. सम्मेलन के प्रथम दिवस लोकतंत्र और नागरिकों की भागीदारी को मजबूत करने के लिये युवा विधायकों की भूमिका विषय पर मंथन होगा. प्रथम दिवस माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी युवा विधायकों को संबोधित करेंगे.

सम्मेलन के दूसरे दिन 31 मार्च को विकसित भारत 2047-युवा विधायकों के दायित्व एवं चुनौतियां विषय पर मंथन होगा. इस दिन अन्य सत्रों के अलावा एमआईटी पूना के चेयरमैन डॉ. राहुल वी. कराड का भी संबोधन होगा.

समापन समारोह में राज्य सभा के उप सभापति हरिवंश शामिल होंगे. कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे.

### वाराणसी में 31 को होगा एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन

**भोपाल, 28 मार्च.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मद्ध5 सरकार 31 मार्च को वाराणसी में आयोजित होने वाले एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन 2026 के माध्यम से अंतरराज्यीय सहयोग को एक ठोस, परिणामोन्मुख और वैश्विक दृष्टि से जोड़ने की दिशा में निर्णायक पहल करेगी. यह सम्मेलन महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत संवाद के साथ ही ओडीओपी, जीआई टैग, पारंपरिक शिल्प, निर्यात योग्य उत्पादों, निवेश और पर्यटन को एकीकृत करते हुए एक व्यापक आर्थिक इकोसिस्टम तैयार करने की दिशा में कार्य करेगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सक्रिय उपस्थिति इस आयोजन को नीति-निर्माण से आगे बढ़ाकर क्रियान्वयन आधारित सहयोग की दिशा में परिवर्तित करेगी, जिससे दोनों राज्यों के बीच विकास का एक सशक्त और दीर्घकालिक मॉडल विकसित होगा. कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के अध्ययन भ्रमण से होगी, जहां क्राउड फ्लो डिजाइन, अधोसंरचना लेआउट और तीर्थयात्री प्रबंधन प्रणालियों का गहन अवलोकन किया जाएगा. यह भ्रमण केवल एक निरीक्षण नहीं होगा, बल्कि आधुनिक शहरी नियोजन और तीर्थस्थल प्रबंधन के सफल मॉडल को समझने का अवसर प्रदान करेगा. इस अनुभव के आधार पर मप्र में धार्मिक स्थलों के विकास, सुविधाओं के विस्तार और व्यवस्थागत सुधार के लिए व्यवहारिक दृष्टिकोण विकसित किया जाएगा, जिससे तीर्थ पर्यटन को अधिक सुव्यवस्थित और आकर्षक बनाया जा सकेगा.

**जनता का आरोप पत्र** राज्य के लोग अपने अधिकारों के लिए आवाज़ उठाएं और बदलाव के लिए वोट दें : गृहमंत्री

# पश्चिम बंगाल में चारों तरफ अराजकता : अमित शाह

**कोलकाता, 28 मार्च. अमित शाह ने कोलकाता में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला. उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में पिछड़े वर्गों, विशेषकर मतुआ समुदाय, की लगातार उपेक्षा की जा रही है और सरकार की नीतियां उनके खिलाफ रही हैं.**

शाह ने 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा की ओर से 'जनता का आरोप-पत्र' जारी किया, जिसमें पिछले 15 वर्षों के शासन के दौरान भ्रष्टाचार, प्रशासनिक विफलता और लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन के आरोप शामिल हैं. उन्होंने कहा कि राज्य में 'डर, भ्रष्टाचार, हिंसा और फूट' की राजनीति को बढ़ावा मिला है. मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए



शाह ने आरोप लगाया कि उन्होंने मतुआ समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है. उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग कर मौजूदा सरकार को सत्ता से हटाएं. गृह मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि देश में किसी भी प्रकार का लॉकडाउन लगाने की कोई योजना नहीं है.

> शाह ने आरोप लगाया कि राज्य में 'सिंडिकेट राज', 'कट-मनी' और तुष्टीकरण की राजनीति के कारण विकास बाधित हुआ है. उन्होंने दावा किया कि उद्योग-धंधे ठप पड़े हैं और बेरोजगारी बढ़ी है. साथ ही, उन्होंने कहा कि भाजपा ने 2016 में तीन सीटों से बढ़कर 2021 में 77 सीटें जीतकर मुख्य विपक्षी दल के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की है. उन्होंने घुसपैठ के मुद्दे पर भी चिंता जताई और कहा कि पड़ोसी असम में नियंत्रण के बावजूद पश्चिम बंगाल 'घुसपैठ का गलियारा' बन गया है. भाजपा के सत्ता में आने पर 45 दिनों के भीतर सीमा सुरक्षा मजबूत करने का वादा किया गया.

# सेना ने जीईएम पर पहला पूंजीगत खरीद अनुबंध

### 93 टेलिस्कोपिक हैंडलर की होगी आपूर्ति

**नयी दिल्ली ,28 मार्च. भारतीय सेना ने एक ऐतिहासिक घटनाक्रम में सरकारी खरीद पोर्टल (जीईएम) के माध्यम से अपना पहला पूंजीगत खरीद अनुबंध किया है जिसे रक्षा अधिग्रहण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है.**

सेना के सूत्रों के अनुसार 'भारतीय खरीदो' श्रेणी के अंतर्गत इस अनुबंध में मेसर्स जेसीबी इंडिया लिमिटेड से 25.90 करोड़ रुपये की लागत पर 93 टेलिस्कोपिक हैंडलर्स की खरीद की जायेगी. यह खरीद सेना की अधिग्रहण प्रक्रिया में एक परिवर्तनकारी बदलाव को दर्शाती है, जिसमें पूंजीगत खरीद के लिए जीईएम पोर्टल का इस्तेमाल किया गया है. इस पहल से खरीद प्रक्रिया के समय में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है, साथ ही निर्धारित प्रक्रियाओं का पूर्ण पालन और प्रक्रियात्मक अखंडता भी सुनिश्चित होगी. इस पारदर्शी, कुशल और प्रौद्योगिकी-सक्षम मार्ग को अपनाकर, भारतीय सेना ने महत्वपूर्ण उपकरणों की तेज़ और अधिक सुव्यवस्थित खरीद के लिए एक नया रास्ता खोल दिया है.